# REVISION PAPER -3

## 2020-2021

### Class: XII (Theory)

### Geography (029)

**Time: 3 Hrs** **Max Marks =70**

**सामान्य निर्देश:-**

1. यह प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभाजित है।खंड क, ख और ग।
2. इस प्रश्न पत्र कुल **29** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. खंड क के अन्तर्गत प्रश्न संख्या **1** से **15** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है । इस खंड से केवल कोई **14** प्रश्न करने हैं। उत्तर पुस्तिका में केवल सही उत्तर लिखना है।
4. खंड ख में प्रश्न संख्या **16** और **17** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। ये स्रोत और ग्राफ आधारित प्रश्न हैं ।प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रश्न लघु व बहुविकल्पीय हैं। प्रत्येक प्रश्न के नीचे 4 उप-प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
5. खंड ग में प्रश्न संख्या 18- 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं।प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **80**-100 शब्दों में लिखिए।
6. खंड ग में प्रश्न संख्या **23** से **27** तक **5** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **150** शब्दों में लिखिए ।
7. प्रश्न संख्या **28** और **29** मानचित्र से सम्बंधित है। जो क्रमशः भौगोलिक विशेषताओं की पहचान करने और स्थान निर्धारण करके नाम लिखने से सम्बंधित है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
8. दिए गए मानचित्रों को भरकर उत्तर पुस्तिका में नत्थी कीजिये।
9. रूपरेखा मानचित्र को खींचने के लिए टेम्पलेट या स्टेंसिल के प्रयोग की अनुमति है।

| Q. NO. | | MARKS |
|---|---|---|
| 1. | निम्न में से कौन सा ऊर्जा का पारंपरिक स्रोत नहीं है?<br>a. कोयला<br>b. प्राकृतिक गैस<br>c. पेट्रोलियम<br>d. भूतापीय ऊर्जा | **1** |
| **2.** | मानव भूगोल की निम्नलिखित परिभाषा किस भूगोलवेत्ता द्वारा दी गयी है ?<br>"मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है "<br>a. रेटजेल<br>b. एलेन सी सेम्पल<br>c. विडाल डी ला ब्लाश<br>d. ग्रिफ्फित टेलर | **1** |
| **3.** | भारत ने जनसंख्या को उनकी आर्थिक स्थिति के अनुसार निम्न से किन वर्गो में बांटा गया है ।<br>a. मुख्य श्रमिक , सीमांत श्रमिक , अश्रमिक<br>b. सीमांत श्रमिक , घरेलू श्रमिक , गैरकर्मी<br>c. अश्रमिक , खेतिहर मजदूर, सीमांत श्रमिक<br>d. कल्टीवेटर्स, मुख्य कामगार, सीमांत कामगार | **1** |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| **4.** | निम्नलिखित में से कौन सा कथन विकास का सबसे अच्छा वर्णन करता है?<br>a. आकार में वृद्धि।<br>b. गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव।<br>c. आकार में एक स्थिरता ।<br>d. गुणवत्ता में एक साधारण परिवर्तन | **1** |
| **5.** | "प्रत्येक पशुचारक समुदाय परंपरागत रूप से अपने अपने निश्चित क्षेत्र में होते हैं " उल्लिखित वाक्य निम्न में से किस गतिविधि की एक महत्वपूर्ण विशेषता है?<br>a. निर्वाह कृषि<br>b. चलवासी पशुचारण<br>c. रोपण कृषि<br>**d.** सामूहिक खेती | **1** |
| **6.** | -------------------में जल की कमी तथा ------------------------में सुरक्षात्मक कारणों से गुन्छित बस्तियां पाई जाती हैं। | **½ + ½ 1** |
| **7.** | निम्नलिखित पर विचार करें और सूची ॥ के साथ सूची का मिलान करें और दिए गए कोड की मदद से सही विकल्प चुनें।<br>सूची I (कारण) — सूची II (रोग)<br>I जल प्रदूषण — 1. ब्लड प्रेशर की समस्या<br>II वायु प्रदूषण — 2. टाइफाइड<br>III ठोस अपशिष्ट — 3. श्वसन<br>IV ध्वनि प्रदूषण — 4. डायरोरिया<br>कोड:<br>I II III IV<br>a. 1 2 3 4<br>b. 4 3 1 2<br>c. 4 3 2 1<br>d. 2 1 4 3 | **1** |
| **8.** | निम्नलिखित जोड़ों में से कौन सा सही ढंग से मेल नहीं खाता है?<br>**क्रियाएँ** — **खंड**<br>a. नीति निर्माण — पंचम क्रियाएँ<br>b. परिवहन और संचार — तृतीयक क्रियाएँ<br>c. बैंकिंग — चतुर्थक क्रियाएँ<br>d. खनन — प्राथमिक क्रियाएँ | **1** |
| **9** | अफ्रीका में स्थित कटंगा, जाम्बिया पठार में पाई जाने वाली जनसंख्या के उच्च घनत्व के लिए जिम्मेदार सबसे महत्वपूर्ण कारक को संबंधित कीजिये :<br>a. बहुतायत में तांबे की उपलब्धता<br>b. वन संसाधनों की उपलब्धता<br>c. घनिष्ठ सामाजिक संबंध<br>**d.** नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य | **1** |

evidyarthi

| | | |
|---|---|---|
| **10.** | यदि किसी देश में युवा आबादी का बड़ा हिस्सा है, तो इसका अर्थ होगा कि-<br>a. मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के लिए सरकार पर भारी दबाव<br>b. बड़ी कामकाजी आबादी<br>c. स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च<br>d. उच्च जन्म दर और जनसंख्या युवा है । | **1** |
| **11.** | पंजाब, हरियाणा और उत्तरी राजस्थान के सूखाग्रस्त क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए निम्नलिखित रणनीतियों में से कौन सी रणनीतियां अपनाई गई हैं?<br>a. सिंचाई का प्रसार<br>b. वर्षा जल संचयन तकनीक<br>c. जल संभरण विकास कार्यक्रम<br>d. किराये के पानी के टैंकरों की व्यवस्था | **1** |
| **12.** | केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित निम्नलिखित कार्यक्रमों में से किसका उद्देश्य ग्रामीण आबादी को पीने, सिंचाई, मत्स्य पालन और वनीकरण के लिए जल संरक्षण में सक्षम बनाना है?<br>a. अरवारी पानी संसद<br>b. हरियाली<br>c. नीरू-मीरू<br>**d.** नर्मदा बचाओ | **1** |
| **13.** | अफ्रीका में कौन सी महामारी ने , सीआईएस (कॉमन वैल्थ ऑफ़ इंडिपेंडेंट स्टेट्स ) और एशिया के कुछ हिस्सों में मृत्यु दर को बढ़ा दिया है और औसत जीवन प्रत्याशा को कम किया है ।<br>a. हैजा<br>b. टी. बी.<br>c. डेंगू बुखार<br>d. एचआईवी/एड्स | **1** |
| **14.** | निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें, कारण और प्रभाव संबंध स्थापित करें और दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनें-<br>I. महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और दिल्ली जैसे औद्योगिक रूप से विकसित राज्यों में मलिन बस्तियों का विकास होता है।<br>II. भारत के महानगरों में अनियमित प्रवास के कारण भीड़-भाड़ बढ़ी है ।<br>विकल्प –<br>a. केवल कथन I सही है<br>b. केवल कथन II सही है<br>c. दोनों I और II सही है और कथन II, कथन I का उचित स्पष्टीकरण करता है<br>**d.** दोनों कथन सही हैं, लेकिन परस्पर संबंधित नहीं हैं । | **1** |
| **15.** | आकार के आधार पर, 'वाई' आकार की बस्तियां निम्नलिखित स्थानों में से किस स्थान पर पाई जाती हैं?<br>a. चौराहे पर<br>b. जहां तीसरी सड़क पर दो सड़कें आकर मिलती होती हैं।<br>c. उन सड़कों के किनारे पर जो सही कोण पर एक दूसरे को काटती हैं। | **1** |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | **d.** जहां कई सड़कें आकर मिलती हैं | |
| 16. | **SECTION B**<br>**दिए गए स्रोत को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें** (किन्हीं तीन का उत्तर दें )<br>बाह्यस्त्रोतन अथवा ठेका देना दक्षता को सुधारने और लागतों को घटाने के लिए किसी बाहरी अभिकरण को काम सौंपना है । जब बाह्यस्त्रोतन में कार्य समुद्रपार के स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाता है तो इसको अपतरन (ऑफशोरिंग) कहा जाता है।, यद्यपि दोनों अपतरन और बाह्यस्त्रोतन का प्रयोग इकठ्ठा किया जाता है। जिन व्यापारिक क्रिया कलापों को बाह्यस्त्रोतन किया जाता है उनमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), मानव संसाधन, ग्राहक सहायता और कॉल सेंटर सेवाएं और कई बार विनिर्माण तथा अभियांत्रिकी भी सम्मिलित की जाती है।<br>आंकड़ा प्रक्रमण सूचना प्रोद्योगिकी से संबंधित सेवा है जिसे आसानी से एशियाई, पूर्वी यूरोपीय और अफ्रीकी देशों में क्रियान्वित किया जा सकता है, इन देशों में अच्छी अंग्रेजी भाषा कौशल वाले आईटी कुशल कर्मचारी विकसित देशों की तुलना में कम मजदूरी पर उपलब्ध हैं । अतः हैदराबाद या मनीला में स्थापित एक कंपनी अमेरिका या जापान जैसे देश के लिए जीआईएस तकनीकों पर आधारित परियोजना पर काम करती है। श्रम सम्बन्धी कार्यों को समुद्रपार क्रियान्वित करने से चाहे वह भारत , चीन और यहाँ तक कि अफ्रीका का कम सघन जनसंख्या वाला देश बोत्सवाना हो, उपरी लागत बहुत कम होती है, जिससे यह सेवा लाभदायक हो जाती है।<br>1. बाह्यस्त्रोतन का मुख्य उद्देश्य क्या है?<br>a. सक्रिय व्यक्ति को काम स्थानांतरित करना<br>b. बेहतर अवसरों के लिए खोज<br>c. दक्षता में सुधार और लागत को कम करना<br>d. उपरोक्त सभी<br>2. जब बाह्यस्त्रोतन में समुद्रपार स्थानों पर काम स्थानांतरित करना शामिल है तो हम उसे क्या कहते हैं?<br>a. अपतरन<br>b. समुद्रपार बाह्यस्त्रोतन<br>c. समुद्रपार स्थानान्तरण<br>d. समुद्रपार सेवाओं का विनिमय<br>3. एशियाई, पूर्वी यूरोपीय और अफ्रीकी देशों में डेटा प्रसंस्करण करने के लिए निम्नलिखित कारकों में से कौन सा जिम्मेदार है?<br>a. वहां उपलब्ध बेहतर प्रौद्योगिकी के कारण<br>b. कम मजदूरी पर अच्छे अंग्रेजी संचार के साथ कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता ।<br>c. उच्च शिक्षित युवा<br>d. सूचनाओं के उत्पादन की लागत कम होने के कारण<br>4. हैदराबाद या मनीला में कंपनी मुख्य रूप से जीआईएस के बारे में किन देशों के लिए काम करती है ?<br>a. भारत और चीन<br>b. भारत और जापान<br>c. जापान और अमेरिका<br>**d.** अमेरिका और चीन | 1+1+1=3 |

https://www.evidyarthi.in

**17.** निम्नलिखित चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा इससे सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिये। **1+1+1=3**




1. भरमौर क्षेत्र का अक्षांशीय विस्तार क्या है ?
   a. 32० 18'N to 32० 42 N
   b. 32० 11' N to 32० 41'
   c. 32० 41' N to 75० 53'N
   d. 76० 22' N to 76० 53' N
2. भरमौर क्षेत्र में बहने वाली मुख्य नदी कौन सी है?
   a. चिनाब नदी
   b. तुन्दाह नदी
   c. रावी नदी
   d. चंबा नदी
3. निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन से क्षेत्र रावी नदी के अधिक पास स्थित हैं?
   a. तुन्दाह और होली
   b. तुन्दाह और खानी

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | c. खनी और होली<br>d. होली और कुगती<br>4. निम्नलिखित क्षेत्र में से कौन सा भरमौर क्षेत्र के उत्तर में स्थित है?<br>a. तुन्दाह<br>b. खानी<br>c. कुगती<br>d. होली | |
| **18.** | **SECTION – C**<br>भारत में सिंचाई की बहुत अधिक आवश्यकता महसूस की जाती है? दिए गए कथन को कोई तीन कारण बताकर समझाइए ।<br>अथवा<br>' वर्षा जल संचयन को जल संसाधनों के संरक्षण की कम लागत और पर्यावरण के अनुकूल तकनीक माना जाता है' । कथन के पक्ष में कोई तीन कारण देकर न्यायसंगत ठहराइए। | **3** |
| **19** | आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में सेवा क्षेत्र का विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । ऐसी अर्थव्यवस्थाओं के लिए सेवा क्षेत्र का निहितार्थ स्पष्ट कीजिये। | **3** |
| **20** | भारत में विभिन्न प्रकार की मानव बस्तियों के लिए कौन से कारक जिम्मेदार हैं? | **3** |
| **21** | "अभाव की अवस्था से स्वतंत्रता की अवस्था की ओर मानव का अग्रसन"। दिए गए कथन से किस कारक की भूमिका परिलक्षित होती है। कोई भी तीन उदाहरण देकर कथन को स्पष्ट कीजिये।<br>अथवा<br>"प्रकृति का ज्ञान प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है." कोई भी तीन उदाहरण देकर बयान का समर्थन करें। | **3** |
| **22.** | 'समता' तथा 'सशक्तिकरण' का अर्थ स्पष्ट कीजिये | **3** |
| **23** | प्रवास का अर्थ समझाएं। उद्गम स्थान से जबरन पलायन के लिए प्रतिकर्ष कारकों की भूमिका का विश्लेषण करें।<br>अथवा<br>प्रवास से आप क्या समझते हैं ?भारत में प्रवास के किन्हीं चार आर्थिक परिणामों का विश्लेषण कीजिये ? | **2+3=5** |
| **24.** | खनिजों को परिभाषित करें। भारत में भविष्य की ऊर्जा मांगों के लिए ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों की भूमिका की किन्हीं चार बिन्दुओं के आधार पर गंभीर रूप से जांच करें । | **1+4=5** |
| **25** | ऐसी कई जगहें हैं जहां लोग बहुत कम हैं और कुछ ही जगहें ऐसी हैं जहां दुनिया में बहुत लोग रहते हैं। पांच उपयुक्त उदाहरणों के साथ इस कथन की जांच करिए । | **5** |
| **26** | निर्वहन कृषि का अर्थ स्पष्ट कीजिये। निर्वहन कृषि के दो प्रकार बताइए। इनमें से किसी एक प्रकार की कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिये | **1+1+3=5** |
| **27** | जनसंख्या वृद्धि का अर्थ स्पष्ट कीजिये। जनसंख्या वृद्धि के दो घटक कौन से हैं? वर्ष 1951-1981 की अवधि भारत में जनसंख्या विस्फोट की अवधि के रूप में क्यों जानी जाती है ? | **1+1+3=5** |

evidyarthi

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| **28** | **MAP BASED QUESTIONS**<br>भारत के दिए गये रेखा राजनैतिक मानचित्र में किन्ही पांच को उचित चिन्हों से दर्शाइए और उनके सम्मुख नाम लिखिए।<br>1. उच्च जनसंख्या घनत्व वाला राज्य (2011) ।<br>2. ओडिशा में बॉक्साइट खदान ।<br>3. महाराष्ट्र की एक मेगा सिटी<br>4. न्यूनतम नगरीकरण वाला एक राज्य<br>5. छत्तीसगढ़ में लौह अयस्क खदान<br>6. सबसे अधिक मानव विकास सूचकांक वाला राज्य<br>7. पश्चिमी बंगाल में स्थित कोयला खदान<br> | **1 x 5** |
| **29.** | संसार के दिए गए राजनैतिक रेखा मानचित्र में पांच भौगोलिक लक्षणों को A,B,C,D,E से दर्शाया गया है। इनकी पहचान निम्न लिखित जानकारी की मदद से कीजिए और उनके सही नाम उनके सामने खीची गई रेखाओं पर लिखिए।<br>A मेगा सिटी<br>B- एक सबसे बड़ा देश<br>C वाणिज्यिक पशुधन पालन का एक क्षेत्र<br>D. मिश्रित खेती का एक क्षेत्र<br>E उत्तरी अमेरिका के क्षेत्र निर्वाह सभा का अभ्यास | **1 x 5** |
| | | |

evidyarthi




https://www.evidyarthi.in